NBT
नवभारत टाइम्स

6000 kg नकली घी जब्त, पाम ऑयल मिलाकर बेच रहे थे, Cancer की जड़ है ऐसा घी, 2 तरीकों से करें असली घी की पहचान



मध्य प्रदेश के इंदौर में नवरात्रि और दिवाली से पहले प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य विभाग नेएक प्राइवेट फर्म पर छापा मारकर 5,500 किलो से ज्यादा नकली घी जब्त किया है। बताया जा रहा है कि नकली घी पाम ऑयल, सोयाबीन तेल और दूसरे खाने के तेलों में घी का सिंथेटिक एसेंस मिलाकर बनाया जाता था।

घटिया किस्म के घी को अलग-अलग लोकल ब्रांड नाम से बेचा जा रहा था। फर्म को सील कर दिया है और नकली घी के नमूने जांच के लिए भेज दिए गए हैं। PTI की एक एक खबर के अनुसार, इंदौर शहर में कुछ दिनों पहले ही एक छापेमारी में एक हजार से ज्यादा नकली घी जब्त किया गया था, जिसे सांची ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा था।

फेस्टिव सीजन शुरू होते ही बाजार में नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों का चलन शुरू हो गया है। बता दें कि नकली घी के सेवन से आपको दिल के रोग, मोटापा, डायबिटीज, पाचन समस्याएं और कुछ तरह के कैंसर का खतरा हो सकता है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/lifestyle/health/6000-kg-fake-ghee-seized-in-indore-prepared-by-mixing-with-palm-oil-fake-ghee-side-effects-and-how-to-check-purity-of-ghee-at-home/articleshow/113757690.cms